**Mr. Speaker:** Now, the Question Hour is over. Short Notice Question.

**Shri Kanwar Lal Gupta:** I want to ask a question....

**Mr. Speaker:** I am sorry. We have to take up the Short Notice Question now.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : अध्यक्ष महोदय, हमको जो प्रश्न साफ पूछा गया है उसका उत्तर तो दिलवाया जाये।

**Mr. Speaker:** I think the hon. Minister has no reply to it just now.

## SHORT NOTICE QUESTIONS

### Supply of paddy seeds to Bihar

**S.N.Q. 8. Shri Beni Shankar Sharma:**
**Shri M. L. Sondhi:**
**Shri N. S. Sharma:**
**Shri Onkar Lal Berwa:**
**Shri Shri Chand Goel:**
**Shri Bibhuti Mishra:**
**Shri K. N. Tiwary:**
**Shri Sidheshwar Prasad:**
**Shri Kameshwar Singh:**
**Shri A. Sreedharan:**
**Shri Shiva Chandra Jha:**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state:

(a) the quantity of paddy seeds in tonnes asked for by the Bihar Government from the Central Government;

(b) the quantity of paddy seeds in tonnes supplied to them so far and the quantity which is yet to be supplied; and

(c) whether immediate arrangements are being made to supply them the remaining quantity of paddy seeds?

**The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde):** (a) to (c). A statement is laid on the Table of the Sabha.

### *Statement*

(a) The Bihar Government had originally asked the Central Government to arrange for the supply of 25,000 tonnes of paddy seeds from outside the State for sowings during Kharif 67. Subsequently, the State Government reviewed the position and raised their minimum requirements of paddy seeds from outside the State to 61,000 tonnes.

(b) The quantities of paddy seeds allocated to Bihar from various States and the quantities moved till 2nd June, 1967 are as under:—

| State | Quantity allocated (in tonnes) | Quantity despatched (in tonnes) |
|---|---|---|
| 1. Andhra Pradesh . | 31,000 | 27,179 |
| 2. Orissa . . | 20,000 | 3,261 |
| 3. Madras . . | 2,000 | 458 (upto 31-5-67) |
| 4. Punjab . . | 846 | .. |
| 5. West Brngal . | 5,000 | 900 |
| 6. Mysore . . | 2,000 | .. |
| TOTAL | 60,846 | 31,798 |

In addition to above, Bihar Government are also procuring paddy seeds in the bordering districts of Nepal and hope to get about 5,000 tonnes. The National Seeds Corporation is also supplying 3,000 tonnes of Taichung Native-I paddy seeds from its special production programme in Andhra Pradesh.

(c) All possible assistance is being rendered to the Government of Bihar in procurement and movement of paddy seeds from the various States by the Government of India and the State Government concerned. Several teams of technical personnel have been sent by the Bihar Government to different States to ensure the quality of the seed and every effort is being made to speed up despatches, so that the seed reaches in time for sowings.

**श्री बेणी शंकर शर्मा** : बिहार में जो सूखा पड़ा है और उससे जो सैकड़ों लोग आज मर रहे हैं उसके सम्बन्ध में यहां सदन में काफी चर्चा हो चुकी है। अब हमारी आशा केवल आगामी फसल पर केन्द्रित है। बिहार सरकार ने आगामी फसल के लिये केन्द्र से 60 हजार टन धान के बीज भेजने की मांग की थी। जो स्टेटमेंट माननीय मंत्री महोदय ने सदन पटल पर रखा है उस से मालूम होता है कि 2 जून तक उन्होंने कुल 31,798 टन धान के बीज के भेजने की व्यवस्था की है। लेकिन इसमें यह नहीं कहा गया है कि यह धान का बीज बिहार पहुंच गया है या नहीं....

**Mr. Speaker:** The hon. Member should put his question now, because this is a question.

**श्री बेणी शंकर शर्मा** : क्या माननीय मंत्री महोदय जानते हैं कि धान के बीज के रोपने का समय रोहिणी नक्षत्र है। रोहिणी नक्षत्र में वह बोया जाता है और रोहिणी नक्षत्र बीत रहा है उस से पहले वह बीज पहुंचना चाहिए था। अगर वह जानते हैं तो बाकी बीज कब तक पहुंचेगा ?

**Shri Annasahib Shinde:** As already mentioned in the statement, about 31,798 tonnes of paddy seed have actually been despatched to Bihar. The Bihar Government officials are actually in Orissa and Andhra Pradesh and they are co-ordinating the activities.

Moreover, I must take this opportunity to say that the Andhra Pradesh and Orissa Governments have co-operated with us so well and they have tried their level best to see that Bihar gets adequate supplies of seed; the despatches of seed from Andhra Pradesh have been so quick that it is really a commendable thing that they have done.

As far as Orissa is concerned, some difficulty arose not because the Orissa Government were not prepared to supply it, but because the Bihar Government officers had first checked up the seed and when it was brought to the loading stations, some of the Bihar Government officials had rejected the seed. That is why the difficulty has arisen. Now, the Bihar Government have deputed some senior officials, and the Orissa Government are trying to expedite the movement.

**Mr. Speaker:** Shri B. S. Sharma.

**Shri Thirumala Rao:** What is the quantity of seed supplied by the Andhra Pradesh Government to Bihar?

**Shri Annasahib Shinde:** Say, about 27,000 tonnes.

**Mr. Speaker:** The hon. Minister should not answer the question across the Table. I have called Shri B. S. Sharma.

**श्री बेणी शंकर शर्मा** : मैं माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या वह कोई समय निर्धारित करके बतला सकते हैं कि धान के बीज कब तक पहुंचेंगे ? आज समय हमारे विरुद्ध चल रहा है। अगर एक हफ्ते के भीतर धान का बीज नहीं मिलता है और खेतों में पानी पड़ जाता है तो धान रोपा नहीं जा सकेगा, और फिर वही अवस्था लोगों के सामने आयेगी जिससे हम त्राहि त्राहि कर रहे हैं। इस लिये क्या माननीय मंत्री यह आश्वासन दे सकेंगे कि वह एक हफ्ते के भीतर धान का बीज बिहार में पहुंचा सकेंगे।

**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : जी हां इस संबंध में हम लोग भी समझते हैं कि जितनी जल्दी बीज वहां पहुंच जाये उतना ही अच्छा होगा और इसी लिये कई एक राज्य सरकारों से अनुनय विनय करके उन्हें तैयार किया गया कि व वहां के लिये बीज

दें। और जैसा मंत्री महोदय ने बतलाया है आंध्र गवर्नमेंट और उड़ीसा सरकार ने इस मामले में हमारी बहुत सहायता की है। में इस मौके पर उनको अपनी तरफ से धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने बिहार के इस गाढ़ मौके पर अपनी कठिनाइयों के बावजूद भी इतनी तत्परता से धान का बीज देना स्वीकार किया। कठिनाई इस में यह आई कि जब हम राज्य सरकारों से बात कर लेते हैं तब बिहार सरकार से कहते हैं कि वह जल्दी से जल्दी अपने अफसरों को भज दें कि जा कर वहां से बीज भिजवाने का प्रबन्ध करें।

यह भी ध्यान रखना चाहिये सदन को कि जो धान मिल रहा है वह बीज के लिये रक्खा हुआ ही धान नहीं था। बहुत से स्थानों पर वह खाने के लिये भी रक्खा हुआ धान भी था। वसे धान से यह आशा करना कि जितना बीज का धान पौध निकालता है उतना ही इस से निकलेगा यह ठीक नहीं है। इस में बिहार सरकार के अफसरों की गलती हो सकती है हो सकता है कि उन को अपने लिये डर लगा हो कि उड़ीसा से जो बीज दिलवाया गया था उस से 80 या 85 फीसदी पौधे न उगते हों जो कि आम तौर से उगने चाहिये उसमें 70 या 75 फीसदी ही उगते हों और इस लिये उन्होंने उस को स्वीकार कर लिया जिससे यह कठिनाई आ गई। वहां से 20 हजार टन मिलना है ; अभी जो नया धान आया है वह 15 जून तक वहां आ जायेगा।

**Mr. Speaker:** The hon. Minister has explained the whole policy; I hope supplementaries should be few now.

**Shri M. L. Sondhi:** I would also preface my question by paying a tribute to the people of Andhra who are providing foodgrains to the rest of the country. You, Sir, also come from Andhra, we all pay a tribute to the people of Andhra.

**Mr. Speaker:** Thank you.

**Shri M. L. Sondhi:** I would ask whether the Minister has personal awareness that hundreds of people have lost their lives in Bihar, that Bihar has become a shame for us in the world. In that context, is he seriously considering any proposal to restore confidence in Bihar? As far as I can see, he must come out with some proposal to subsidise the farmers there. Will the Centre be prepared to be generous as far as seeds are concerned? Would he agree to depute people from the Indian Council of Agricultural Research to see whether they can help select quality seeds, special draught-resistant varieties? Can we have an assurance that there is a sense of urgency on the part of the hon. Food Minister?

**Shri Jagjivan Ram:** I do not think eloquence can bring a sense of urgency. Perhaps the hon. Member is not ware of the many forms of assistance that the cultivators do get. So far as the supply of seeds and fertilisers is concerned, there are arrangements for provision of loans and subsidy to the cultivator. As regards the question of price, it is entirely for the Bihar Government to fix the price they think the cultivator will be in a position to pay or supply them as loan or subsidy. There is no bar to that. All these provisions have been made and if the hon. Member had cared to know about the arrangements made for all these matters, about which reports have been circulated, perhaps he would not have felt the need to ask this question.

**श्री ना० स्व० शर्मा** : प्रान्ती यसरकारों ने माननीय मंत्री जी की बात मान ली है यह बहुत प्रशंसा की बात है, परन्तु अब तक केवल ३१ हजार टन, यानी जितना मांगा गया था उससे आधा ही, बीज वहां

पहुंच पाया है । क्या मंत्री जी कोई इस बात का आश्वासन देंगे कि बाकी बीज वहां कब तक पहुंचेगा ?

**श्री जगजीवन राम** : जो कुछ मैंने अभी कहा है, उसके अतिरिक्त कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है ।

**Shri Shri Chand Goel:** Considering that the sowing season for paddy is on and there is hardly a fortnight left, can we have an assurance from the Food Minister that the rest of the supply of 30,000 tonnes of paddy seeds would actually arrive and Government would facilitate its reaching the areas where it is needed as otherwise it will become useless?

**Shri Jagjivan Ram:** I do not think we are responsible for reaching seed to the areas which it has to reach. I think if the hon. Member had listened to what I had said in Hindi, he would not have put the question again. As I have said, it is the responsibility of the Bihar Government also to see that once the seed has been located in a particular State and the State Government has offered to supply the seed, the officers of the Bihar State who are there will expedite the testing of the seed and also the despatches. As I have said, there have been delays in despatches of seed from Orissa on account of the lapses of the officers of the Bihar Government, and as I have further assured, we have every expectation that by the 15th of this month the requisite quantity of seed will be available in Bihar.

**श्री विभूति मिश्र** : इसमें यह लिखा हुआ है कि बिहार सरकार नेपाल के तटवर्ती जिलों से धान के बीज प्राप्त कर रही है और पांच हजार टन इस तरह से प्राप्त हो जायेगा । यह धान चम्पारन हो या मुजफ्फरपुर हो वहां से खरीदा जा रहा है । इन स्थानों के नाम न लिख कर नेपाल के तटवर्ती जिले लिख दिया गया है । यहां पर दो लाख एकड़ भूमि में धान की खेती होती है । वहां से बिहार सरकार 42 रुपये से लेकर 53 रुपये मन तक के भाव से बीज खरीद रही है । किसी किसान ने अगर एक बीघा भूमि में धान की खेती की है तो उसके पास एक ड़ेढ़ मन से अधिक धान नहीं है, और दूसरा धान उसने अपने खाने के लिये रक्खा हुआ है । सरकार उस को बीज के तौर पर ले रही है । मैं जानना चाहता हूं कि जो आपका टेक्नीकल स्टाफ है, जो सेंटर का टेक्नीकल स्टाफ है या जो स्टाफ पैडी के बारे में रिसर्च करता है, उस को भेजकर इस बात की जांच सरकार करवायेगी कि किसान को जो बीज मिले सही बीज मिले और ऐसा बीज मिले कि जो उसके खेत में जा कर जमे ? मैं जानना चाहता हूं कि क्या इस तरह का कोई प्रबन्ध सरकार कर रही है । मैं यह भी चाहता हूं कि जिन किसानों को यह बीज दिया जाए अगर उनके खेत में ठीक से यह जमे, तब तो चाहे सबसिडी में दें या लोन पर दें, लेकिन उसके साथ साथ गारंटी इसके बारे में पूरी पूरी करें । यदि वह बीज न जमे तो सरकार उन से पैसा न ले । मैं जानना चाहता हूं कि क्या केन्द्र सरकार ने बिहार सरकार का इस ओर ध्यान खींचा है ? यदि खींचा है तो बिहार सरकार की क्या प्रतिक्रिया इसके सम्बन्ध में है ?

**श्री जगजीवन राम** : यह बात सही है कि नेपाल से भी पांच हजार टन लेने की बात थी । बिहार सरकार बिहार के भीतर जहां पर धान हुआ है और जहां पर बीज उपलब्ध है वहां से भी बीज ले रही है । उनका अपना ख्याल था कि तीस हजार टन बिहार में भी मिलेगा । जहां जहां से भी बिहार सरकार के लिए बीज उपलब्ध किया गया है

उस बीज की जांच पड़ताल करने के लिए बिहार के कृषि विभाग के पास सही तरह के एक्सपर्टस हैं और ऐसी आशा की जाती है कि किसानों को जो बीज बिहार सरकार देगी समझ बूझ कर देगी और इसको देख कर देगी कि उनको उगने लायक बीज दिया जा रहा है। सदस्यों को समझ लेना चाहिये कि हर बात की जिम्मेदारी केन्द्रीय सरकार ले ले यह हमारे लिए सम्भव नहीं है। इस तरह से हमारे लिये काम करना सम्भव नहीं होगा। हर प्रान्त में और हर खेत में जा कर हमारे अफसर देखें कि बीज निकल रहा है या नहीं निकल रहा है, इसको देखना हमारे लिए सम्भव नहीं है। मैंने कह दिया है कि किसानों को जो बीज दिया जाए वह कुछ को तो दाम ले कर दिया जाए, कुछ को लोन पर और कुछ को मुफ्त में देने की व्यवस्था होनी चाहिये, किसानों की अवस्था को देख कर बीज देने की व्यवस्था होनी चाहिये। यह सब जो काम है यह बिहार सरकार को करना होगा। हम यहां से नहीं कर सकते हैं।

**श्री क० ना० तिवारी** : मैं समझता हूं कि जो पैडी सीड सप्लाई किया जाएगा वह जहां पर दुर्भिक्ष है, उन इलाकों के किसानों को सप्लाई किया जाएगा। आप तीन हजार मीट्रिक टन ताइचुंग नैटिव I धान का बीज सप्लाई करने जा रहे हैं। इस बीज को देते वक्त क्या सरकार इस बात का ख्याल रखेगी कि यह सीड केवल उन्हीं स्थानों के किसानों को दिया जाए जहां पर पानी का अच्छा प्रबन्ध हो क्योंकि इस बीज के लिए पानी का दिया जाना बहुत जरूरी है। जहां पर दुर्भिक्ष पड़ा हुआ है वहां पर पानी का इंतजाम नहीं है। वहां पर इस बीज को नहीं दिया जाना चाहिये। क्या टैक्नीकल एडवाइस ले कर इस बीज को दिया जाएगा और क्या बिहार सरकार को कह दिया गया है कि जहां पानी का इंतजाम है वहीं पर इस सीड को दिया जाए और कम पानी जिस बीज के लिये आवश्यक होता है उस बीज को इन क्षेत्रों में ला कर दिया जाए? मैं जानना चाहता हूं कि इसके लिए भी आपने क्या कोई व्यवस्था की है?

**श्री जगजीवन राम** : ऐसी आशा की जाती है कि बिहार सरकार के कृषि विभाग के अधिकारियों को इस तरह की साधारण बातों की जानकारी है और वे इन बातों का ज्ञान रखते हैं। ताइचुंग पैडी का बीज वे उन्हीं जगहों पर भेजेंगे जहां इसके उगाने का प्रबन्ध हो, ऐसी उनसे आशा की जाती है। इन सारी विस्तार से की जाने वाली बातों की जिम्मेवारी हम लें, यह हमारे लिए सम्भव नहीं है और हम इनको लेना भी नहीं चाहते हैं।

**श्री कामेश्वर सिंह** : रोज़ कितने टन बीज बिहार को दिया जा रहा है? अभी आपने कहा है कि पंद्रह तारीख तक सब बीज़ वहां पहुंच जाएगा। मैं जानना चाहता हूं कि कितना बीज रोजाना बिहार को डिसपैच होता है?

**श्री जगजीवन राम** : इसकी जानकारी जो बिहार सरकार के वहां अफसर हैं उनको होगी हमारे पास यह जानकारी नहीं है। सूचना मिलने पर हम यह जानकारी आपको दे सकते हैं।

**श्री कामेश्वर सिंह** : अगर यह वक्त पर नहीं पहुंचा तो इस सब की जिमेदारी आप पर होगी. . . (**इंटरप्शंज**)

**श्री जगजीवन राम** : मैं इसके लिए बिल्कुल जिम्मेदार नहीं होऊंगा क्योंकि मैंने बता दिया है बिहार सरकार को कि फलां फलां स्टेट्स से बिहार सरकार कृपा करके इतने इतने टन धान जो वे दे रही हैं, अपने अफसरों को भेज कर मंगवा ले और उसकी जांच करवा कर जल्दी से जल्दी बिहार में इस बीज के भिजवाने का प्रबन्ध कर ले।

**श्री कामेश्वर सिंह :** आप तो अकाल मंत्री हैं..... (इंटरप्शंस)

**Shri Hem Barua:** May I know if the attention of the Government had been drawn to the fact that the displaced, disinherited and discarded ministers of the last Bihar Government, that is, the defeated Bihar Government, have organised a demand called the "Demand seed day" and if so, may I know whether this is a day against the Union Government for its filure to supply seeds in time to the State of Bihar?

**Shri Jagjivan Ram:** There had been no failure on the part of the Central Government to do what is possible for the supply of seed.

**श्री द्वा० ना० तिवारी :** हम लोग कृषि मंत्री जी के आभारी हैं कि उन्होंने इसके बारे में प्रबन्ध किया है। लेकिन एक बात सन्देहात्मक है। आंध्र से और उड़ीसा इत्यादि से यह बीज रेल गाड़ियों से बिहार में जाएगा। जो बीज वहां उपलब्ध है वह ठीक समय पर वहां पहुंचे इसके लिए बहुत जरूरी है कि समय पर रेल गाड़ियां मिलें ताकि बीज की सप्लाई का तांता न टूटे और सीड को पहुंचने में देर न लगे। मैं जानना चाहता हुं कि क्या इस का भी प्रबन्ध माननीय मंत्री जी ने कुछ किया है ?

**श्री जगजीवन राम :** इस सम्बन्ध में रेलों से जितना सहयोग मिलना चाहिये, मिल रहा है। वहां जो बिहार सरकार के अधिकारी हैं और हमारे अधिकारी हैं और रेलवे के अधिकारी हैं वे सब मिल कर एक प्रोग्राम बना लेते हैं कि किस तरह से उसको भेजा जाए और कितनी वैगंज में भेजा जाए।

**श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा :** मंत्री महोदय स्वयं बिहार गए थे। वहां बीज जो आया भी है उसको खरीदने की शक्ति लोगों के पास नहीं है, क्रय शक्ति उनके पास नहीं है। ऐसी अवस्था में मैं जानना चाहती हूं कि अभी बीज उनको कर्ज के रूप में दिया जाए, क्या सरकार इसके बारे में कोई कदम उठा रही है ? खास तौर पर जो क्षेत्र अकाल क्षेत्र घोषित हो चुके हैं और वहां लोग बीज खरीद नहीं सकते हैं, उनके पास साधन नहीं हैं, उनको कर्ज के रुप में बीज दिया जाए और पीछे वे उसका भुगतान कर सकें, क्या इस प्रकार की व्यवस्था भी की गई है ?

**श्री जगजीवन राम :** इस प्रकार की व्यवस्था है कि ऐसे किसानों को बीज के लिए या खाद के लिए शौर्ट टर्म लोन दिये जायें मैं नहीं समझता हूं कि इस में कोई कठिनाई है।

**श्री भोगेन्द्र झा :** अभी मंत्री महोदय ने कहा है कि बिहार सरकार के अधिकारियों ने उड़ीसा में जा कर बीज लेने से इन्कार कर दिया है। बिहार सरकार ने बीज की मांग की थी और बीज अलग अलग किस्म का होता है, धान की अलग अलग किस्में होती हैं। क्या मंत्री महोदय को मालूम है कि जो अधिकारी वहां गए थे उन्हें किसानों से इसको खरीदने को कहा गया ? साथ ही जो बेचने के लिए था उस में आठ दस किस्मों का धान मिला हुआ था। कोई एक महीना पहले पकने वाला था और कोई एक महीना बाद में पकने वाला था। क्या यही कारण नहीं है कि उनको बीज के वास्ते नहीं लिया गया ? चूंकि बीज की मांग हो रही है इसलिए क्या मंत्री महोदय भारत सरकार के खाद्य मंत्री की हैसियत से बीज का स्टाक रखते हैं या नहीं रखते ह, बीज के रूप में धान देने को तैयार हैं या नहीं हैं। कर्ज के रूप में बार बार इसको देने की बात यहां हो रही है। शायद मंत्री महोदय को मालूम होगा कि बिहार सरकार ने एलान कर दिया है कि एक भी पैसा देने की किसानों को जरूरत

नहीं है, कल बीज कर्ज के रूप में दिया जाएगा जो धान बीज के रूप में उनको आप दे रहे हैं उससे तो फसल बरबाद हो जाएगी । क्या आप बीज उनको दे रहे हैं या नहीं दे रहे हैं ?

**श्री जगजीवन राम** : मैं समझता हूं कि शायद इस सदन के सदस्यों को इतना ज्ञान है कि जब इतनी मिकदार में धान के बीज की आवश्यकता होगी, तो भिन्न भिन्न प्रान्तों के किसानों ने इतना बीज बना कर तो नहीं रखा । जैसा कि मैंने प्रारम्भ में कहा है, जो धान हम इस समय ले रहे हैं, अधिकांश वह धान है, जो विभिन्न प्रान्तों के किसानों ने अपने खाने के लिए रखा है ।

**श्री मधु लिमये** : सरकार ने क्यों नहीं रखा ?

**श्री जगजीवन राम** : हम कहां से रखते ?

**श्री मधु लिमये** : वहां पर दो साल से अकाल की स्थिति है । सरकार को इस की व्यवस्था करनी चाहिए थी ।

**श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा** : माननीय सदस्य को मालूम होना चाहिए कि बीज का धान दो वर्ष तक नहीं रखा जा सकता ।

**Shri P. Venkatasubbaiah:** Instead of this confusion and duplication in the matter of supply of paddy seeds, may I know whether the hon. Minister can consider the possibility of entrusting this work to the National Seeds Corporation so that they may supply the seed and it will be then a uniform procedure? May I know whether he can make that arrangement?

**Shri Jagjivan Ram:** Even the Seeds Corporation cannot find the seeds in such large quantities. It is required in view of the emergency that has arisen there, and naturally, we had to arrange from different States whatever was available in the shape of paddy; this is not necessarily kept as seed but as paddy, and so certain defects will be noticeable in that.

**Shri Chintamani Panigrahi:** May I know whether the Minister is aware that after the rejection of the quantity of paddy seed, 25,000 tons of paddy seeds have again been negotiated with the Food Corporation of India to be purchased from the Orissa Government and, if so, whether the Orissa Government has agreed to this.

**Shri Annasahib Shinde:** I have already mentioned that Bihar Government has sent a senior official who is already there and I think arrangements would be made in the near future perhaps to transport that to Bihar.

**Shri Chintamani Panigrahi:** What about the quantity?

**Shri Annasahib Shinde:** 20,000 tons was indicated in the initial stage. That was to be supplied by the Orissa Government.

**श्री तुलशी दास जाधव** : बिहार में सीड की ग़र्ज बहुत ज्यादा है, लेकिन उस को जो क्वांटिटी एलोकेट की गई है, वह 60,846 टन है, जब कि डिसपैच किया गया है 31,798 टन । यह सीड एक ही टाइम पर बोया जाता है, लेकिन अभी तक केवल आधी मात्रा ही भेजी गई है । मैं यह जानना चाहता हूं कि बाकी सीड कब भेजा जायेगा ।

**Mr. Speaker:** It has been answered. Shri Madhu Limaye.